**FORM NO. 111**

**फर्द अहकाम**

(नियम 26)

**अज अदालत सहायक कलक्टर (एस.डी.ओ.) आसीन्द ,जिला भीलवाडा**

## काना **बनाम** सरकार

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 9 धारा 151 जा.दी.

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिसियल्स जज | नम्बर व अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 07.01.2021 | पत्रावली पेश हुई । वकील प्रार्थी व पैरोकार सरकार उपस्थित है । वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र आदेश -9 नियम 9 सपठित धारा 151 जा.दी पेश कर संक्षेपतः निवेदन किया है कि एक प्रकरण आप न्यायालय में अन्तर्गत धारा 88-89-92 A-188 RTA मे विचाराधीन होकर प्रकरण संख्या 386/2012 में सुनवाई हेतु दिनांक 29.08.2019 नियत थी । उक्त दिनांक को प्रार्थी / अधिवक्ता अन्य कोई आवश्यक कार्य होने से न्यायालय में हाजिर नहीं हो पाये इस बिनाय पर उक्त अनवान के वाद पत्र को अदम हाजरी /अदम पैरवी में आप न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया था । उक्त प्रकरण को न्यायहित में पुनः नम्बर पर लिया जाकर सुनवाई किया जाना उचित होकर न्यायहित में है । अन्यथा वादी न्याय से महरूम हो जावेगा । अतः प्रार्थी / अधिवक्ता का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर उक्त अनवान की पत्रावली को पुनः नम्बर पर लिये जाने का आदेश प्रदान किया जावें ।<br>प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर क्रमांक 7/20 पर किया जाकर जरिये सम्मन विपक्षी को तलब किया गया । सम्मन बाद तामिल प्राप्त होकर शामिल पत्रावली है ।<br>वकील उभयपक्ष की बहस सुनी गयी । वक्त बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराया तथा कथन किया कि मूल वाद को पुनः [illegible] पर लिया जाना न्यायहित मे आवश्यक है । विपक्षी राज्य सरकार की ओर से पैरोकार सरकार उपस्थित न्यायालय हुये । पैरोकार सरकार ने वक्त बहस कोई आपत्ति नहीं की है ।<br>वकील प्रार्थी की बहस पर मनन किया । पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात का अध्ययन किया । वकील प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्दर मियाद पेश करने तथा | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Sandeep Kumar
Date: 2022.01.25 15:18:24 IST
Reason: SelfAttested

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिसियल्स जज | नम्बर व अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | पैरोकार सरकार की कोई आपत्ति नहीं होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 09 नियम 09 सपठित धारा 151 सी.पी.सी.का स्वीकार किया जाता है तथा मूल वाद प्रकरण संख्या 386/12 को तलब कर पुनः नम्बर पर लिये जाने के आदेश दिये जाते है । पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावें । पत्रावली मूल फाइल के साथ संलग्न की जावें । निर्णय आज दिनांक 07.01.2021 को सरे इजलास सुनाया गया ।<br><br>(सी.एल.शर्मा )<br>सहायक कलक्टर(S.D.O.) | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Sandeep Kumar
Date: 2022.01.25 15:18:24 IST
Reason: SelfAttested